भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- †491
उत्तर देने की तारीख- 25/07/2024

एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग विद्यालय

†491 श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना राज्य में स्थापित किए गए एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग (ईएमडीबी) विद्यालयों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) ईएमडीबी विद्यालयों में प्रदान की गई सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ऐसे और ईएमडीबी विद्यालय स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क से घ): जनजातीय कार्य मंत्रालय ने तेलंगाना राज्य में कुल 23 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) को मंजूरी दी है [भारत के संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत 11 ईएमआरएस और ईएमआरएस की नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत 12]।

एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल ईएमडीबी को गैर-आवासीय विद्यालय के रूप में प्रस्तावित किया गया था, हालांकि, तेलंगाना से (ईएमडीबीएस) की स्थापना के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। तेलंगाना को स्वीकृत सभी स्कूल केवल आवासीय विद्यालय हैं।

*****